दिन– शुक्रवार दिनांक– 23 / 08 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– केन्द्र सरकार बिहार से मखाना के निर्यात के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलबध करायेगा।

02. केन्द्र सरकार ने स्वास्थ्य जोखिम को देखते हुये एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित एक सौ छप्पन दवाओं पर प्रतिबंध लगाया।

03. देशभर में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– इसरो न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दे रहा है।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से राज्य के कई जिलों में हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, जमुई, सीतामढ़ी और पूर्वी चम्पारण में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————————

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि केन्द्र सरकार की ओर से बिहार से मखाना के निर्यात के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलबध करायी जायेगी। आज पटना के मीठापुर स्थित कृषि भवन में किसान संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कहा मखाना उत्पादक किसानों को हर सम्भव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

———बाईट———

केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से दलहन, तिलहन और अन्य फसलों की अच्छे बीजों को उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि बिहार के किसान छोटी जोत वाले खेतों में भी नित्य नये प्रयोग कर अच्छी पैदावार कर रहे हैं।

———बाईट———

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित एक सौ छप्पन दवाओं पर प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार और ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड – डीटीएबी की एक विशेषज्ञ समिति की जांच के बाद यह निर्णय लिया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डीटीएबी ने इन दवाओं के खुराक संयोजनों के दावों को सही नहीं पाया जिससे यह प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इन

दवाओं के इस्तेमाल से लोगों को खतरा होने की संभावना है जबकि इनके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं।

———————————————————————

शिक्षा मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को स्कूल सुरक्षा और सुरक्षा दिशा निर्देश–दो हजार इक्कीस लागू करने का निर्देश दिया है। यह दिशानिर्देश मंत्रालय के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग की ओर से बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम के अनुरूप विकसित किए गए थे। इनमें सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल प्रबंधन की जवाबदेही तय करने के प्रावधान हैं। इसके अतिरिक्त दिशानिर्देश निवारक शिक्षा, विभिन्न हितधारकों की जवाबदेही, रिपोर्टिंग प्रक्रिया, संबंधित कानूनी प्रावधान, समर्थन और परामर्श और एक सुरक्षित वातावरण के लिए उपाय प्रदान करते हैं।

———————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन– इसरो ने न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दिया है। आज नई दिल्ली में देश के प्रथम राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस कार्यक्रम के अवसर पर उन्होंने यह बात कही।

———बाईट———

हमारे निष्ठावान वैज्ञानिकों ने न्यूनतम संसाधनों का उपयोग करके भारत के स्पेस प्रोग्राम को विश्व के श्रेष्ठतम स्पेस प्रोग्राम्स में स्थान दिलाया है। इसके लिए वे सराहनीय के पात्र हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है, हमारे देश में अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में निरंतर प्रगति होती रहेगी तथा हम उत्कृष्टता के नये मानक स्थापन करते रहेंगे।

राष्ट्रपति ने कहा कि अंतरिक्ष के क्षेत्र में प्रगति से स्वास्थ्य, परिवहन, पर्यावरण, ऊर्जा सुरक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी और कई अन्य क्षेत्रो को लाभ पहुंचा है। अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को अतीत की बेड़ियों से मुक्त किया है। उन्होंने कहा कि करीब सत्तर वर्ष से अंतरिक्ष क्षेत्र ने स्वयं पर थोपी हुई गोपनीयता का लबादा ओढ रखा था, जिससे वह संसाधनो और ज्ञान से यह पहले वंचित था।

———बाईट———

साठ–सत्तर वर्ष तक हमारा अंतरिक्ष का क्षेत्र साधनों के अभाव तले काम करता रहा। मोदी जी ने क्रांतिकारी निर्णय लेते हुए इसको उन बंदिशों से आजाद किया। पब्लिक प्राइवेट पार्टिसिपेशन की अनुमति दी और उसके परिणाम आपके सामने है। देखते ही देखते तीन–चार वर्ष के भीतर जहां एक–दो स्टार्टअप्स हुआ करते थे स्पेस सेक्टर में, आज बढकर के उनकी संख्या लगभग तीन सौ हो गई। मात्र सात–आठ महीने में पहली अप्रैल से लेकर के 31 दिसंबर 2023 में एक हजार करोड रुपये से अधिक प्राइवेट वहां निवेश हुआ है।

———————————————————————

भारतीय खाद्य संरक्षा और मानक प्राधिकरण ने खाद्य वस्तु कारोबारियों और ई–कॉमर्स से दूध और दुग्ध उत्पादों की सभी पैकेजिंग से ए–वन और ए–टू के बारे में सभी दावें तत्काल हटाने को कहा है। ए–वन और ए–टू के वर्गीकरण में दूध और दुग्ध उत्पाद घी, मक्खन और दही की बिक्री को देखते हुए प्राधिकरण का यह निर्देश आया है। प्राधिकरण ने कहा है कि दूध में ए–वन और ए–टू का वर्गीकरण आवश्यक रूप से प्रोटीन के संबंध में होना चाहिए। इसलिए दूध वसा उत्पादों के संबंध में ए–टू का दावा भ्रामक है और प्रावधानों के अनुरूप नहीं है।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार पच्चीस अगस्त को सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ तेरहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके साथ ही यह आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। मन की बात कार्यक्रम के तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————

राज्य से होकर गुजरने वाली नदियों के जलग्रहण क्षेत्र में भारी बारिश के चलते नदियों के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गंगा नदी पटना के गांधी घाट खतरे के निशान से पचास सेंटीमीटर और हाथीदह में उनचास सेंटीमीटर ऊपर बनी हुयी है। नदी का जलस्तर भागलपुर के कहलगांव में खतरे के निशान से अड़सठ सेंटमीटर ऊपर है। घाघरा नदी का जलस्तर सीवान के दरौली लाल निशान के पास बना हुआ है। गंडक नदी का जलस्तर गोपालगंज के डुमरियाघाट में लाल निशान से चौंसठ सेंटीमीटर ऊपर रिकॉर्ड किया गया। फिलहाल नदी का जलस्तर स्थिर बना हुआ है। बूढी गंडक नदी खगड़िया में खतरे के निशान से सतहत्तर सेंटीमीटर ऊपर है। बागमती नदी का जलस्तर मुजफ्फरपुर के बेनीबाद में लाल निशान से एक सौ अठारह सेंटीमीटर ऊपर है। वहीं, सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में नदी का जलस्तर खतरे के निशान से बाईस सेंटीमीटर ऊपर है। कोसी नदी का जलस्तर खगड़िया के बलतारा में एक सौ नौ सेंटीमीटर और कटिहार के कुर्सेला में लाल निशान से उनासी सेंटीमीटर ऊपर है।

———————————————————

मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया है कि गंगा नदी में हो रही लगातार वृद्धि से दियारा क्षेत्र के निचले इलाकों में पानी बढने लगा है।

---बाईट---

जिले में कई जगहों पर लोगों का घर एक बार फिर से गंगा के पानी से घिर चुका है। सदर प्रखंड के गंगा पार, टिकारामपुर और जाफर नगर पंचायत के लोगों का आवागमन का रास्ता पूरी तरह से डूब चुका है और यहां के लोग जिला मुख्यालय से पूरी तरह से कट गए हैं। वही कुतलूपुर पंचायत में भी मुख्य मार्ग पर दो से तीन फीट तक पानी चढ़ा हुआ है। इधर, बरियारपुर प्रखंड के 11 पचायत भी बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रो में जिला प्रशासन की ओर से आवागमन के लिए नाव उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह |

बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि पश्चिम चंपारण में पिछले तीन दिनों से हो रही बारिश से गंडक नदी का जलस्तर एक बार फिर से बढ़ने लगा है।

---बाईट---

वाल्मीकी स्थित गंडक बराज से आज फिर 1 लाख 80 हजार क्यूसेक पानी गंडक नदी में छोड़ा गया है। इससे नदी के तटवर्ती इलाकों चकदहवा, झंडू टोला, बिनटोली, कानही टोला और दियारा क्षेत्रों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। गंडक बराज के कार्यपालक अभियंता सियाराम पासवान ने बताया की नेपाल के तराई इलाके में जलस्तर बढ़ने से वाल्मीकि बराज के सभी छत्तीस फाटकों को खोल दिया गया है। श्री पासवान ने बताया कि बाढ़ नियंत्रण के सभी कर्मियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

---

प्रदेश में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया, भागलपुर, रोहतास, मुंगेर और पटना सहित कई जिलों में भारी बारिश दर्ज की गयी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गया के नीमचक बथानी में सबसे अधिक एक सौ पांच दशमलव चार मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गयी। वहीं, गया के ही वजीरगंज में नब्बे दशमलव दो, भागलपुर में अठहत्तर, पटना के मसौढ़ी उनहत्तर दशमलव छह और बक्सर में अड़सठ मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, रोहतास, जमुई, सीतामढ़ी और पूर्वी चम्पारण जिले के कुछ स्थानों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

---बाईट---

---

अरवल जिले के करपी प्रखंड के जयमंगल बीघा नाले में ऑटो के अनियंत्रित होकर पलट जाने से तीन बच्चों की डूब का मौत हो गयी। इधर, सुपौल जिले में दो अलग–अलग घटनाओं में तीन बच्चों की मौत हो गई। जिले के निर्मली में बिहुल नदी में स्नान करने गए दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। वहीं, जिले के राघोपुर थाना क्षेत्र के परसरमा चौक पर तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से एक बच्ची की

घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दूसरी ओर, पटना के दानापुर स्थित नासरीगंज घाट पर नाव पर चढ़ने के दौरान एक शिक्षक नदी में डूब गया। स्थानीय प्रशासन की ओर से तलाश जारी है।

———————————————————————

अररिया के जोगबनी में एसएसबी के जवानों ने चाणक्य चौक सीमा के पास से एक नेपाली व्यक्ति को चार लाख दस हजार नेपाली करेंसी के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

गोपालगंज पुलिस ने हत्याकांड के मामले में दो अपराधियों को पिस्तौल और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले के सदर प्रखंड के कारे गांव में हाई टेंशन बिजली के तार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई।

———————————————————————

बक्सर के प्रखण्ड शिक्षक नियोजन इकाई ने फर्जी प्रमाण पत्र पर नियुक्त दो शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया है। चयनित शिक्षकों को सेवामुक्त करते हुये अब तक वेतनमद में भुगतान की गई राशि की वसूली का भी आदेश दिया गया है।

———————————————————————

मधुबनी जिले के जयनगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने बेला बांध चौक के पास से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

सारण जिले के सोनपुर स्थित गोला बाजार में एक निजी बैंक से पिछले दिनों लगभग बीस लाख रूपये के लूट मामले में पुलिस ने पांच अपराधियों को हथियार और नौ लाख रूपये के साथ गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

कटिहार के जिलाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने मुख्यमंत्री दिव्यांग जन सशक्तिकरण योजना के तहत दस लाभुकों को बैट्री चालित ट्राई साईकिल उपलब्ध करायी।

———————————————————————

नालंदा जिले के दीपनगर थाना क्षेत्र के काको बीघा गांव में डायरिया से दो बच्चों की मौत हो गयी। जिले के नूरसराय और हरनौत प्रखंड में दर्जनों लोग डायरिया से पीड़ित हैं। मेडिकल टीम गांव में कैम्प लगाकर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करा रही है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– केन्द्र सरकार बिहार से मखाना के निर्यात के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलबध करायेगा।

02. केन्द्र सरकार ने स्वास्थ्य जोखिम को देखते हुये एंटीबायोटिक्स, दर्द निवारक और मल्टीविटामिन सहित एक सौ छप्पन दवाओं पर प्रतिबंध लगाया।

03. देशभर में आज पहला राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा– इसरो न केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में बल्कि देश के सामाजिक–आर्थिक विकास में भी अमूल्य योगदान दे रहा है।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से राज्य के कई जिलों में हो रही है बारिश। मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर, जमुई, सीतामढ़ी और पूर्वी चम्पारण में कई स्थानों पर भारी बारिश का अलर्ट जारी किया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।